<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

हिमाचल प्रदेश, बिर बिल्लींग में पॉलपुंग शिराबिल्लींग मानोस्टिक सीट में भारतीय विमानपत्तन प्राधिरकरण द्वारा पहली बार पैराग्लाइडिंग विश्व कप 2015 का उदघाटन श्री पी. अशोक गजपति राजू ,माननीय नागर विमानन केन्द्रीय मंत्री द्वरा 23 अक्तूबर 2015 को सांय1830 बजे किया जाएगा ।

भाविप्रा तथा इसरो द्वारा विकसित गगन, जीपीएस आधारित दिक्चालन प्रणाली का पैराग्लाइडरों के लिए सटीक दिक्चालन एवं ट्रेक्रिंग हेतु प्रयोग किया जाएगा ।

नई दिल्ली , 21 अक्तूबर,2015 : अक्तूबर 23, 2015 आरंभ होकर 31 अक्तूबर,2015 तक आयोजित होने वाले पैराग्लाइडिंग विश्व कप हेतु बिर बिल्लींग हिमाचल प्रदेश में विशाल स्तर पर तैयारियां चल रही हैं । बिल्लींग पैराग्लाइडिंग एसोशिएसन (बीपीए) को इस कार्यक्रम के आयोजन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है जिसने इस कार्यक्रम को यादगार बनाने में भरसक प्रयास किए हैं ।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने इस कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय रूप से रूचि दिखाई है तथा यह पैराग्लाइडिंग विश्व कप 2015 का मुख्य प्रयोजक है । हाल के कुछ वर्षो में भाविप्रा ने खेल-कूद हितैषी माहौल बनाने के लिए,जो बाधित था, देश में विभिन्न खेलों को बढावा देने का उत्तरदायित्व निभाया है ।

गगन- जीपीएस एडेड अगुमेंटिड दिक्चालन भारत का एसबीएएस (सैटेलाइट आधारित अगुमेंटिड प्रणाली) कार्यक्रम है जोकि भारतीय वायुक्षेत्र में एसबीएएस लागू करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है । भाविप्रा ने पैराग्लाइडरों को सटीक दिक्चालन एवं ट्रेकिंग सुविधाओं हेतु गगन सिग्नलों से फायदा लेने का प्रस्ताव दिया है जोकि गगन इनेबल्ड एकोर्ड रिसीवर का पहली बार उपयोग कर रहे हैं ।

35 देशों के लगभग 130 उत्कृष्ट पैराग्लाइडर जिसमें विश्व के सर्वोत्तम 5 पैराग्लाडर खिलाडी भी शामिल हैं इस चैपिंयनशिप में भाग ले रहे हैं जो भारत को वैश्विक पैराग्लाइडिंग नक्शें में स्थापित करेगा । सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में दिन के दौरान कड़ी प्रतिस्पर्धा

मनोरंजक रहेगी तथा हर शाम को थीम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । इस कार्यक्रम का आरंभ एवं समापन समारोह आकर्षक होगा तथा विश्व कप में इसका अपना ही आकर्षण होगा।

श्री सुधीर शर्मा, आवास, शहरी विकास तथा नगर एवं काउंटी योजना मंत्री, हिमाचल प्रदेश जो बिल्लींग पैराग्लाइडिंग एसोशिएसन के अध्यक्ष भी हैं इस कार्यक्रम की प्रगति की हरपल से मानीटरिंग करेंगे ।यह भारत के लिए गौरव का विषय है कि भाविप्रा यहॉ पैराग्लाडिंग का आयोजन कर रही है । हिमाचल प्रदेश राज्य के साथ-साथ पैराग्लाइडिंग के खेल हेतु भी यह एक बड़ा कार्यक्रम है तथा हम इस विश्व स्तरीय आयोजन के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं ।

इस चैपिंयनशिप के दौरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी, पायलट तथा अन्य लोगों के कांगडा घाटी में आने से राज्य में खेल एवं पर्यटन गतिविधियों को बढावा मिलेगा । दर्शकों को आकर्षित करने हेतु अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं जो निश्चित रूप से पर्यटन को बढ़ावा देगा।

भाविप्रा पैराग्लाइडिंग विश्वव कप भारत में एडवेंचर खेलों को बढ़ाने में एक बड़ा प्रयास है । भाविप्रा एक खेल को अंगीकार करने की योजना बना रहा था तथा यह एक सही समय पर हुआ कि पैराग्लाइडिंग एवं भाविप्रा में विमानन के माध्यम से काफी समानताएं है। यह एडवेंचर खेलों को अगले स्तर तक ले जाएगा। पैराग्लाइडिंग विश्व कप, जो भारत में पहली बार आयोजित हो रहा है, भारत में एयरो खेलों हेतु एक नए युग का शुभांरभ करेगा।

बिर बिल्लींग, को भारत की पैराग्लाइडिंग राजधानी कहा जाता है हिमाचल प्रदेश राज्य में स्थित है और यह हिमालय की तलहटी में बसा हुआ है। बाहरी खेलों और रोमांच के इच्छुकों हेतु बिर एक विश्व स्तरीय गतंव्य है । अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडर पायलट इसे पैराग्लाइडिंग हेतु विश्व की दूसरी सबसे सर्वोत्तम जगह मानते है बिल्लींग में 2400 मी की ऊंचाई पर एक रिज की चोटी पर लांच पाइंट स्थित है जबकि लैंडिग क्षेत्र चौगांव में पश्चिमी छोर पर एक तिब्बती कालोनी में है।

बिर बिल्लींग घाटी पर चाय पत्ती के बागानों की घुमावदार सड़कों के माध्यम से पहुंचा जा सकता है तथा यह धौलाधार रेंज की पहाडियों से घिरा हुआ है । एक स्कोटिश अधिकारी कैप्टन बिल्लींग जोकि स्वतंत्रता से पहले ब्रिटिश शासन में कार्यरत थे, के नाम पर घाटी का नाम रखा गया है । क्षेत्र में तिब्बती द्वारा निर्मित सजे-धजे मठ बिर के नजारे की शोभा बढ़ाते हैं तथा घुमने योग्य है । यहॉ की वनस्पति एवं मौसम के कारण बिर को प्रकृति का आश्चर्य तथा पक्षी प्रेमियों का स्वर्ग माना जाता है ।

एक तरह 5500 मीटर की ऊंचाई के बैकड्राप तथा दूसरी और भारत के फैले हुए सतही स्थल के कारण दृश्य मनोहारी हो जाता है। बिर ग्राम में सुलभता से पहुंचा जा सकता है तथा एक विश्रांत स्थल है जिसका निचला भाग रंगीन तिब्बती कालोनी के साथ-साथ सुंदर मठों एवं हितैषी तथा तिब्बती की विश्रांत जीवनशैली का चित्र प्रस्तुत करता है ।

आईए , हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता के साथ - साथ खेल के एडवेंचर का भी आंनद उठाएं।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,
सं. 55/2015-16